**25/08**/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

भारत और फिजी ने आतंकवाद पर दोहरे मापदंड को नकारते हुए इसके प्रति जिरो टॉलेरेंस को दोहराया है। नई दिल्ली में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और फिजी के प्रधान मंत्री सीटिवेनी राबुका के बीच द्विपक्षीय वार्ता के दौरान, दोनों नेताओं ने आतंकवाद के खिलाफ सहयोग को मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की और सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद की निंदा की। दोनों नेताओं ने पहलगाम आतंकवादी हमले की भी निंदा की। भारत और फिजी ने कट्टरपंथ का मुकाबला करने, आतंकी वित्तपोषण का मुकाबला करने, आतंकवादी गतिविधियों के लिए नई और उभरती प्रौद्योगिकियों के शोषण को रोकने और आतंकवादी भर्ती से निपटने की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रधान मंत्री मोदी और प्रधान मंत्री राबुका ने नौ द्विपक्षीय दस्तावेजों और समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया।

0000000000000000000000

राज्य सरकार ने पारदर्शी, त्वरित और परेशानी मुक्त रिटायरमेंट के बाद लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज ई-भविष्य नामक एक पेंशन सुधार पहल की शुरुआत की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में इस पहल की घोषणा करते हुए, मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि राज्य सरकार अपने कर्मचारियों की सेवा का सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध है और यह सुनिश्चित करेगी कि उन्हें समय पर उनका बकाया आसानी से मिले।

उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि नई सिस्टम रितायरमेंट के दिन पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) की डिलीवरी की गारंटी देगी, जिससे पेंशनभोगियों को बिना किसी असुविध के लाभ सुनिस्चित होग। मुख्यमंत्री ने कहा कि ई-भविष्य की शुरुआत के साथ, अगले तीन वर्षों के भीतर 95 प्रतिशत से अधिक पेंशन मामलों का निपटारा होने की उम्मीद है।

0000000000000000000000

राज्य के अकादेमिशियन ताकू ताचो को कल नई दिल्ली में डिजिटल कला, साहित्य और सामाजिक कार्य के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए ग्लोबल एक्सीलेंस फोरम द्वारा भारत सम्मान पुरस्कार-2025 से सम्मानित किया गया। पेशे से सरकारी स्कूल शिक्षक ताकू ताचो ने राज्य सरकार के शिक्षा विभाग एवं राजीव गांधी विश्वविद्यालय में 150 से अधिक प्रकाशनों का श्रेय प्राप्त किया साथ ही दो कॉमिक बूक्स भी लिखी हैं। इस बीच, राज्य के शिक्षा मंत्री पी.डी. सोना ने श्री ताचो की इस उपलब्धि की सराहना की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री सोना ने कहा कि कला, साहित्य, शिक्षा और सामाजिक कार्यों में श्री ताको का योगदान वास्तव में प्रेरणादायक और अरुणाचल प्रदेश के लिए गर्व की बात है।

0000000000000000000000

दूर-दराज के क्षेत्रों के युवाओं में आत्मविश्वास, चरित्र और नेतृत्व के गुण विकसित कर उनके मार्गदर्शन करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत, दिरांग और जांग के 32 युवा छात्रों ने गजराज कोर के अंतर्गत भारतीय सेना की ब्लेज़िंग स्वॉर्ड डिवीजन द्वारा मार्गदर्शन और प्रशिक्षण प्राप्त किया है। और अब ये छात्र वुड्स पार्क सैनिक स्कूल, हमीरपुर में अपनी शैक्षिक यात्रा पर निकल पड़े हैं।

0000000000000000000000

स्थानीय युवाओं के समर्थन और सशक्तिकरण के प्रति सेना की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए, भारतीय सेना के अधिकारियों ने आज आलो में अग्निवीर में शामिल होने के इच्छुक युवाओं के साथ एक संवादात्मक सत्र का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में आत्मविश्वास जगाते हुए उन्हें सशस्त्र बलों में करियर बनाने के लिए प्रेरित करना था।

0000000000000000000000

तवांग के शिक्षा विभाग ने आज गवर्मेंट टाउन सेकेंडरी स्कूल ऑडिटेरियम में कला उत्सव 2025 का आयोजन किया जिसमें जेमिथांग से जांग के कुल 13 हायर सेकेंड्री और सेकेंड्री स्कूल्स ने भाग लिया। कार्यक्रम में लोकगीत, लोकनृत्य, स्किट और नाटक प्रस्तुत किए गए, जिनमें स्थानीय बोलियों, मोनपा विवाह पद्धति, पारंपरिक लकड़ी, बाँस और मिट्टी के शिल्प के संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 9 जिलों तवांग, ईस्ट कामेंग, वेस्ट कामेंग, पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी, शी योमी, सियांग, वेस्ट सियांग और अंजाव के लिए अगले 24 घंटों में ग़रज के साथ तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

0000000000000000000000

प्रेस इंफ़ॉर्मेशन ब्यूरो और सेंट्रेल ब्यूरो ऑफ़ कम्यूनिकेशन का दूसरा वार्षिक नोर्‌थ ईस्‌ट ज़ोनल कॉनफ्रेंस आज से शिलांग में शुरू हुआ। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्‌वारा आयोजित इस दो दिवसीय सम्मेलन का उद्देश्य क्षमता निर्माण, क्षेत्रीय इकाइयों के बीच बेहतर तालमेल को बढ़ावा देना और यह सुनिश्चित करना है कि पूर्वोत्तर में संचार रणनीतियाँ अधिक प्रभावशाली, प्रौद्‌योगिकी-संचालित और स्थानीय रूप से प्रासंगिक हों।

0000000000000000000000

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार, राष्ट्रीय युवा पुरस्कार 2024 के लिए नामांकन आमंत्रित करता है। इस पुरस्कार का उद्देश्य 15 से 29 वर्ष की आयु के युवाओं को राष्ट्रीय विकास या समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना है। एनवाईए 2024 के लिए नामांकन awards.gov.in पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 सितंबर, 2025 तक बढ़ाई गई है।

0000000000000000000000